**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 21 मार्च 2025, समय 1305 (5 मिनट)**

पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण ने एकीकृत पेंशन योजना के क्रियान्वयन के लिए नियम जारी कर दिए हैं। पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण ने कहा है कि एकीकृत पेंशन योजना से संबधित नियम अगले महीने की पहली तारीख से लागू होंगे। ये नियम केंद्र सरकार के कर्मचारियों के तीन श्रेणियों के नामांकन में प्रभावी होंगे। एक अप्रैल 2025 तक सेवारत और 31 मार्च से पहले सेवानिवृत हो चुके राष्ट्रीय पेंशन योजना वाले कर्मचारी, केंद्र सरकार की सेवा में पहली अप्रैल 2025 या उसके बाद भर्ती होने वाले इस योजना के पात्र हैं।

**********************************************************************

देश विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए कुरुक्षेत्र के तीर्थों की ऐतिहासिक एवं पौराणिक अष्टकोसी यात्रा चैत्र चौदस मेले के दौरान 28 मार्च से शुरू की जा रही है। यह यात्रा ब्रज की 84 कोसी परिक्रमा की तर्ज पर होगी।

कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के मानद सचिव उपेन्द्र सिंघल एवं सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष धूमन सिंह ने बताया कि कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड, हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड, धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं और सरकार के सहयोग से यात्रा का शुभारंभ किया जा रहा है।
श्री धूमन सिंह ने बताया -

उन्होंने बताया कि यात्रा को सुविधाजनक बनाने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध किए जाएंगे और यात्रा के दौरान सभी 12 तीर्थों का भ्रमण करवाया जाएगा।उन्होंने बताया कि सरस्वती के तीर्थ स्थानों व कुरुक्षेत्र में कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के अधीन सभी तीर्थों को सुंदर बनाने पर भी विचार विमर्श किया गया है। 28 मार्च को अष्टकोसी यात्रा शुरू की जाएगी और कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के मानद सचिव उपेन्द्र सिंघल ने कहा कि यात्रा के लिए एक पूरा मार्ग तैयार किया गया है, जिससे भक्तों को विभिन्न तीर्थों के इतिहास और महत्व का पता लगेगा ।कुरुक्षेत्र शहर में लगभग 24 किलोमीटर की दूरी तय करने वाली 8 कोस यात्रा, 48 कोसी यात्रा की पूर्वपीठिका होगी, जो अंततः कुरुक्षेत्र, करनाल, कैथल, पानीपत और जींद जिलों के तीर्थ स्थलों तक विस्तारित होगी।

**********************************************************************

हरियाणा में नकली, मिलावटी तथा गुणवत्ताहीन बीज बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के लिए कड़ा कानून बना रही है। कल विधानसभा में हरियाणा सरकार ने पुराने बीज-अधिनियम में संशोधन करके पहले से ज्यादा सज़ा और जुर्माने का प्रावधान करते हुए विध्यक पारित करवाया । राज्यपाल की स्वीकृति और अधिसूचना के बाद यह कानून का रूप ले लेगा।हमारे संवाददाता ने बताया है कि गुणवत्ता को नियंत्रित करने के लिए कानून तो पहले भी बना हुआ है लेकिन उसमें सजा और जुर्माने की राशि कम होने के कारण नकली, मिलावटी तथा गुणवत्ताहीन बीजों की बिक्री एवं वितरण पर नियंत्रण नहीं हो पा रहा है। सरकार ने नए संशोधित कानून के तहत नकली बीज बनाने वाली कंपनी और ऐसे बीज विक्रेता दोनों के खिलाफ कड़े प्रावधान किये हैं।

*************************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि वे आगामी 27 तारीख को सदन के पटल पर बजट पर अपना जवाब देंगे और विपक्ष द्वारा बजट को लेकर पूछे गए एक-एक प्रश्न का उत्तर दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि विपक्ष के सदस्य उस दिन सदन में बैठकर उनका वक्तव्य अवश्य सुने।मुख्यमंत्री पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

********************************************************************

स्कूल कैडर लेक्चरर एसोसिएशन हरियाणाा (सलाह) ने प्रदेश के शिक्षा मंत्री से अपने वायदे अनुसार पहली अप्रैल से अध्यापकों की तबादला मुहीम चलाने की मांग की है। सलाह के प्रदेश वरिठ उपाध्यक्ष राजवीर धारेडू ने कहा कि शिक्षा मंत्री ने सलाह संगठन से वायदा किया था कि दूर-दराज क्षेत्रों में अपनी जिम्मेवारी का निर्वहन कर रहे अध्यापकों को राहत पहुंचाने के लिए एक अप्रैल से तबादला अभियान चलाया जाएगा।

*********************************************************************

केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कल नई दिल्ली में खेलो इंडिया पैरा खेलों के दूसरे संस्करण का शुभारंभ किया।श्री मांडविया ने देशभर में खेलों के विकास को बढ़ावा देने में खेलो इंडिया पहल को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि खेलो इंडिया के अंतर्गत देश में खेलों के बुनियादी ढांचे का तेजी से विकास हो रहा है और खिलाडियों के प्रदर्शन में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि पेरिस में आयोजित पहले पैरालंपिक खेलों में भारतीय दल ने असाधारण प्रदर्शन किया था।खेलो इंडिया पैरा खेल 27 मार्च तक चलेंगे।